वैश्विक खबर

भारत और बांग्लादेश के बीच वाणिज्य सचिव स्तर की बैठक ढाका में संपन्न

- भारत और बांग्लादेश के बीच वाणिज्य सचिव स्तर की द्विपक्षीय बैठक 7-8 फरवरी, 2018 को ढाका में आयोजित की गई।
- भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई वाणिज्य सचिव सुश्री रीता तेवतिया और बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई बांग्लादेश सरकार के वाणिज्य मंत्रालय में सचिव श्री शुभाशीष बोस ने की।
- दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार एवं आर्थिक संबंधों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत एवं सकारात्मक परिचर्चाएं कीं।

राष्ट्रीय खबर

राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद

- राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद आज राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस मना रहा है और 18 फरवरी तक राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह मनाएगा।
- यह राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद की 60वीं वर्षगांठ हैं और इसे हीरक हीरक जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।
- राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह-2018 को “उद्योग 4.0-भारत के लिए बड़ी छलांग लगाने का अवसर” के विषय पर मनाया जाएगा।

वैश्विक खबर

सातवीं गढवाल राइफल इंफेंट्री बटालियन का दल दक्षिणी सूडान में शांति मिशन में शामिल

- युद्धग्रस्त देश दक्षिण सूडान में शांति और सामान्य स्थिति की बहाली के संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों में मदद के लिए भारतीय सेना अपने करीब 2300 सैन्य कर्मियों को वहां भेज रही है।
- भारतीय सेना की सातवीं गढ़वाल राइफल्स इन्फैंट्री बटालियन के दल को इस काम के लिए भेजा जा रहा हैं।
- यह गढ़वाल राइफल्स और उसकी यूनिट के लिए गौरव की बात हैक्योंकि गढ़वाल क्षेत्र के सैनिकों को पहली बार दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन में तैनात करने के लिए नामित किया गया है।

प्रतिरक्षा खबर

रियर एडमिरल डी एस गुजराल, एनएम ने नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला

- रियर एडमिरल डी एस गुजराल, एनएम ने रक्षा मंत्रालय के एकीकृत मुख्यालय में नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (संचार, अंतरिक्ष और इंटरनेट केंद्रित संचालन) के रूप में कार्यभार संभाला।
- राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़गवासला के 69वें कोर्स के पूर्व छात्र तथा फ्लैग ऑफिसर को 01 जनवरी, 1987 को भारतीय नौसेना के कार्यकारी विभाग में कमीशन किया गया था।
- वे संचार और इलेक्ट्रानिक युद्ध के विशेषज्ञ हैं।

भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2017 जारी

- केन्द्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने देश में वनाच्छादित क्षेत्रों में हो रही वृद्धि के महत्व को रेखांकित करते हुए आज कहा कि पिछले एक दशक में दुनिया भर में जहां वन क्षेत्र घट रहे हैं वहीं भारत में इनमें लगातर बढोतरी हो रही है।
- डॉ. हर्ष वर्धन ने आज यहां 'भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2017' जारी करते हुए कहा कि वन क्षेत्र के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष 10 देशों में है।
- उन्होंने कहा कि ऐसा तब है जबकि बाकी 9 देशों में जनसंख्या घनत्व 150 व्यक्ति/वर्ग किलोमीटर है और भारत में यह 382 व्यक्ति/वर्ग किलोमीटर है।

राष्ट्रीय खबर

एनएचएआई टोल प्लाजा के लिए रैंकिंग प्रणाली शुरू करेगा

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 10 फरवरी, 2018 को एक देशव्यापी अभियान शुरू किया, ताकि राजमार्गों का इस्तेमाल करने वालों पर प्रतिकूल असर डालने वाले मुद्दों को सुलझाया जा सके।
- इनमें टोलिंग संबंधी सहूलियत, इलेक्ट्रॉनिक टोलिंग/फास्टैग लेन, टोल प्लाजा पर साफ-सफाई, टोल प्लाजा पर कार्यरत लोगों का व्यवहार, मार्शलों की तैनाती, शौचालयों की सफाई, राजमार्ग नेस्ट (मिनी) का समुचित ढंग से कार्यरत रहना, राजमार्गों के किनारे सुविधाएं और राजमार्ग पर किसी आपातकालीन स्थिति आने पर एम्बुलेंस और क्रेन की उपलब्धता शामिल हैं।

रैंकिंग खबर

नितिन गडकरी ने पहली राजमार्ग क्षमता नियम पुस्तिका जारी की

- केंद्रीय परिवहन तथा राजमार्ग, शिपिंग व जल संसाधन, नदी विकास तथा गंगा संरक्षण मंत्री श्री नितिन गडकरी ने आज नई दिल्ली में पहली राजमार्ग क्षमता नियम पुस्तिका जारी की।
- इस नियम पुस्तिका का नाम इंडो-एचसीएम है। इसे सीएसआईआर-सीआरआरआई ने तैयार किया है।
- इसके लिए सीएसआईआर-सीआरआरआई ने सड़कों (एक लेन, दो लेन और बहु लेन), शहरी सड़कों तथा एक्सप्रेस वे पर ट्रैफिक के गुणों का देश स्तर पर विस्तृत अध्ययन किया है।
- इस अध्ययन में 7 शैक्षणिक संस्थान शामिल थे – आईआईटी रूडकी, मुम्बई और गुवाहाटी, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, नई दिल्ली, इंडियन इस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंस एंड टेक्नॉलाजी, शिवपुर, सरदार वल्लभ भाई पटेल नेशनल इस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी, सूरत तथा अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई।

राष्ट्रीय **खबर**

कृष्णा सोबती को 53वें ज्ञानपीठ पुरस्कार हेतु चयनित किया गया

- देश का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार हिंदी की वरिष्ठ साहित्यकार कृष्णा सोबती को दिया जायेगा.
- कृष्णा सोबती को वर्ष 2017 के लिए यह पुरस्कार दिया जायेगा.
- प्रवर परिषद की बैठक में प्रो. नामवर सिंह की अध्यक्षता में 53वां ज्ञानपीठ पुरस्कार हिंदी साहित्य की वरिष्ठ साहित्यकार कृष्णा सोबती को देने का निर्णय किया गया.
- यह पुरस्कार साहित्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया

पुरस्कार **खबर**

जाएगा.

भारत और यूएई के मध्य पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये

- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 फरवरी 2018 को अबुधाबी के शाही प्रिंस मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान के साथ लंबी वार्ता की. इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पांच समझौते हुए.
- इन समझौते में भारतीय तेल कंपनियों के संघ को समुद्रगामी तेल रियायत में 10 फीसदी हिस्सेदारी देने वाला एक ऐतिहासिक समझौता भी शामिल है. इसके साथ ऊर्जा क्षेत्र, रेलवे, श्रमशक्ति और वित्तीय सेवाओं के लिए दोनों देशों के बीच समझौते हुए.

वैश्विक खबर

भारत और ओमान ने आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीन एशियाई देशों की यात्रा के दौरान 11 फरवरी 2018 को ओमान के साथ आठ क्षेत्रों पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये.
- इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ओमान के सुल्तान काब्बूस उपस्थित थे और दोनों की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल स्तरीय बातचीत के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओमान के सुल्तान काब्बूस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की.
- दोनों देशों ने सामरिक सहयोगियों ने व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और क्षेत्रीय मुद्दों में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा की.

वैश्विक खबर

यूएई में पहले हिन्दू मंदिर का पीएम मोदी द्वारा शिलान्यास

- भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में बनने जा रहे पहले हिंदू मंदिर के भूमि पूजन में शामिल हुए.
- प्रधानमंत्री मोदी 11 फरवरी 2018 को अबू धाबी-दुबई राजमार्ग पर बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के मंदिर शिलान्यास समारोह के साक्षी बने.
- आबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर अबू धाबी के युवराज द्वारा दी गई जमीन पर बनाया जा रहा है, जो यूएई की सहिष्णुता और सदभाव की प्रतिबद्धता को दर्शाता है .

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सहयोग कार्यक्रम हेतु भारत ऑस्ट्रेलिया समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर को स्वीकृति दी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 07 फरवरी 2018 को आर्थिक कार्य विभाग (भारतीय आर्थिक सेवा संवर्ग) तथा ऑस्ट्रेलिया सरकार के कोषागार के बीच तीन महीनों के सहयोग कार्यक्रम के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की स्वीकृति दे दी है.
- कार्यक्रम के अंतर्गत ऑस्ट्रेलिया सरकार के कोषागार के एक अधिकारी को आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय को स्थानांतरित किया जाएगा तथा आर्थिक कार्य विभाग के भारतीय आर्थिक सेवा संवर्ग द्वारा नामित भारतीय आर्थिक सेवा के एक अधिकारी (उप सचिव या निदेशक स्तर) को ऑस्ट्रेलिया सरकार के कोषागार को स्थानांतरित किया जाएगा.

11 मुख्यमंत्रियों पर दर्ज हैं क्रिमिनल केस

राष्ट्रीय खबर

- देश के नेताओं से जुड़ी एक हैरान कर देने वाली रिपोर्ट सामने आई है। इसके मुताबिक, भारत के कुल 31 मुख्यमंत्रियों में से 11 के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज हैं।
- इनमें से 25 मुख्यमंत्री करोड़पतियों की लिस्ट में भी शामिल हैं।
- यह रिपोर्ट असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नैशनल इलेक्शन वॉच ने जारी की है।

अपने 1000वें मैच में जीतीं वीनस विलियम्स

खेल खबर

- अपने करियर का 1000वां मैच खेलने उतरी दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने नीदरलैंड्स की अरांत्जा रूस को हराकर अमेरिका को फेड कप के वर्ल्ड ग्रुप में नीदरलैंड्स के खिलाफ 1-0 की बढ़त दिलाई।
- वीनस ने अपने टेनिस करियर के 1000वें मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया और 6-1, 6-4 से शानदार जीत दर्ज करते हुए अगले राउंड में प्रवेश कर लिया।

रियल मैड्रिड ने सोसियादाद के 5-2 से हराया

खेल खबर

- स्पेनिश लीग में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की हैटट्रिक के दम पर रियल मैड्रिड ने सोसियादाद को 5-2 से मात दी।
- सैंटियागो बर्नब्यू में हुए इस मैच के शुरुआती एक मिनट के अंदर ही लुकास वाजकेज ने गोल कर मेजबान रियल मैड्रिड को 1-0 से आगे कर दिया।
- मैच के 27वें मिनट में रोनाल्डो ने गोल कर रियल को 2-0 से आगे कर दिया।

राष्ट्रीय खबर

एयर इंडिया की महिला पायलट अनुपमा कोहली ने बचाई 261 यात्रियों की जान

- विस्तारा और एयर इंडिया की फ्लाइट बुधवार (7 फरवरी) को एक बड़े हादसे से बच गई।
- जांच टीम को पता चला कि दोनों विमान में 261 यात्री सवार थे, लेकिन एयर इंडिया की विमान चालक अनुपमा कोहली ने बहुत कुशलता से स्थिति संभाली और सभी यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया।
- जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स (एटीसी) की तरफ से कोऑर्डिनेशन में कुछ दिक्कत हुई।